
# टाटा, हीरानंदानी, टस्को और सिफी करेंगे 1.10 लाख करोड़ का निवेश

## भूमिपूजन समारोह के पहले चरण की तैयारी, डाटा सेंटर, रिटेल, स्किल डेवलपमेंट व ऊर्जा में निवेश

अमर उजाला ब्यूरो



लखनऊ। प्रदेश में भूमिपूजन समारोह के पहले चरण में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर उतरेंगे। निवेश के मामले में शीर्ष 10 कंपनियों का आना लगभग तय है। इनमें टाटा, हीरानंदानी, टस्को, ग्रीनको जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। ये कंपनियां प्रदेश के अंदर डाटा सेंटर, रिटेल मार्ट, स्किल डेवलपमेंट और ऊर्जा सेक्टर में निवेश करने के लिए तैयार हैं। ये शीर्ष दस कंपनियां करीब 1.10 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ प्रदेश में आएंगी।

पहले चरण में सबसे बड़ा निवेश एनआईडीपी डेवलपर्स प्रा. लि. (हीरानंदानी) ग्रुप गौतमबुद्धनगर में डाटा सेंटर पार्क में करेगा। 30 हजार करोड़ रुपये का ये निवेश यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में होगा। इससे पहले नोएडा में भी समूह का एक प्लांट लग चुका है। 27 हजार करोड़ रुपये का निवेश एनटीपीसी लि. करेगा। एनटीपीसी झांसी और सोनभद्र में पावर प्लांट स्थापित करेगा। सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पावर प्लांट के लिए राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बोर्ड से हरी झंडी मिल गई है।

17 हजार करोड़ रुपये की परियोजना ग्रीनको कंपनी सोनभद्र में स्थापित करेगी। ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी प्रकार आठ हजार करोड़ रुपये की परियोजना सिफी इन्फिनिट स्पेस लि. ला रही है। इसके तहत नोएडा में डाटा सेंटर की स्थापना होगी। 7,500 करोड़ की रीयल इस्टेट परियोजना एम3एम इंडिया नोएडा में लगाने जा रही है। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में 52 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जा चुकी है। रेरा से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। ललितपुर में टस्को लि. एक हजार मेगावाट की मातटीला फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट की स्थापना 6,500 करोड़ रुपये से करेगी। बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लि. छह हजार करोड़ की परियोजना जालौन में लगाएगी।

प्रयागराज व मिर्जापुर में एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस 1,250 मेगावाट की दो ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना लगाएगी। छह हजार करोड़ रुपये की परियोजना को अनुमति मिल चुकी है। नोएडा में 4,300 करोड़ से हाईपर रिटेल मार्ट की स्थापना इंका (आईकिया) करेगी। टाटा टेक्नोलॉजी 4,,174 करोड़ रुपये से 150 आईटीआई को अपग्रेड करेगी।

### दावोस में यूपी की एफडीआई पॉलिसी को किया जाएगा पेश

लखनऊ। अगले साल दावोस में होने जा रहे विश्व आर्थिक मंच की बैठक में उत्तर प्रदेश की एफडीआई पॉलिसी को विशेष रूप से पेश किया जाएगा। ग्लोबल प्लेटफार्म पर इस नीति को विस्तार से पेश करने का मकसद फॉर्च्यून-500 की सूची में शामिल वैश्विक कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित करना है। प्रदेश में वर्तमान में 14 फॉर्च्यून-500 कंपनियों की उपस्थिति है। अब इस संख्या को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्विट्जरलैंड के दावोस में 15 से 19 जनवरी को विश्व आर्थिक मंच की बैठक में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता समेत कई अधिकारी शामिल होंगे। वर्ष 2001 से 2017 के बीच 17 सालों में जितना विदेशी निवेश उत्तर प्रदेश में आया, उससे करीब चार गुना ज्यादा 2019 से 2023 के बीच आया है। ब्यूरो